भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2344
13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

उत्तर प्रदेश में मेगा फूड पार्क

2344. श्री कंवर सिंह तंवर:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में पिछले छह माह के दौरान कितने मेगा फूड पार्क स्थापित किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या कुछ या सभी राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में इन मेगा फूड पार्कों के संचालन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अपनाने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) अन्य राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए स्वीकृत, आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य और वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): पिछले छह महीनों के दौरान किसी भी राज्य में कोई मेगा फूड पार्क स्वीकृत नहीं किया गया है, क्योंकि सरकार द्वारा चल रही परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ मेगा फूड पार्क योजना को पहले ही 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है।

(ख): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान नए मेगा फूड पार्कों की स्थापना के लिए कोई धनराशि स्वीकृत/आबंटित नहीं की गई है क्योंकि यह योजना बंद कर दी गई है। मेगा फूड पार्क योजना सहित पीएमकेएसवाई की किसी भी घटक योजना के तहत राज्यवार धनराशि का आवंटन नहीं किया गया है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान मेगा फूड पार्क योजना के तहत आवंटित कुल धनराशि और किए गए व्यय का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

13 फरवरी , 2025 को उत्तर देने के लिए उत्तर प्रदेश में मेगा फूड पार्क के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2344 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(करोड़ रुपए में)

वर्ष	आवंटित धन राशि	व्यय
2021-22	54.37	52.59
2022-23	24.80	22.14
2023-24	20.66	20.64
2024-25	32.55	8.32 (28.02.2025 तक)

*****